RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 30 सितंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 157 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# 15-20 दिन में होगा चमत्कार!

## PM मोदी के साथ होंगे शरद पवार, महाराष्ट्र के विधायक का बड़ा दावा

**मुंबईः महाराष्ट्र में सियासी घमासान के बीच एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार का समर्थन करने वाले निर्दलीय विधायक रवि राणा ने सनसनीखेज भविष्यवाणी की है।**




राणा ने कहा कि देश के विकास के लिए शरद पवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन करना जरूरी है। मैंने भगवान गणेश से भी यही प्रार्थना की है। अगले 15-20 दिनों में राज्य में चमत्कार होगा। अमरावती से विधायक और बीजेपी समर्थक रवि राणा ने अपने सनसनीखेज दावे में कहा है कि शरद पवार महाराष्ट्र और केंद्र सरकार में भागीदार बनेंगे और मोदी सरकार मजबूत होगी। रवि राणा बीजेपी नेता व उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के पसंदीदा नेताओं में माने जाते हैं। ऐसे में उनकी इस भविष्यवाणी से राजनीतिक गलियारे में चर्चा छिड़ गई है।

अमरावती की निर्दलीय सांसद नवनीत राणा के पति रवि राणा ने पिछले कुछ दिनों में कई गणेश मंडलों का दौरा किया. इस बारे में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हर जगह भगवान गणपति के दर्शन करने के बाद मैंने एक ही मुराद मांगी कि एनसीपी प्रमुख शरद पवार हमारे साथ सरकार में शामिल हो जाए। उन्होंने कहा, मैं जहां भी गया, गणपति बप्पा के सामने एक ही इच्छा रखी कि देश के विकास के लिए शरद पवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ आना चाहिए। यह चमत्कार 15-20 दिन में दिखेगा।

राणा ने दावा किया कि जल्द ही राज्य और केंद्र में शरद पवार के समर्थन से एक मजबूत मोदी सरकार नजर आएगी। इस मौके पर रवि राणा ने अजित पवार के मुख्यमंत्री बनने पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि राज्य में देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री थे, वे उपमुख्यमंत्री बन गये। अजित पवार विपक्ष के नेता थे, वे उप-मुख्यमंत्री बने। एकनाथ शिंदे, जो उद्धव ठाकरे सरकार में शहरी विकास मंत्री थे, वे मुख्यमंत्री बने। इसलिए राजनीति में कुछ भी संभव है। रवि राणा ने यह भी कहा कि अगर शरद पवार अगले 15 दिनों में मोदी सरकार में शामिल होते हैं तो अजित पवार मुख्यमंत्री बनेंगे।

# महाराष्ट्र में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान 12 लोगों की मौत

**मुंबईः** महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों में गणपति प्रतिमा विसर्जन के दौरान कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से नौ लोगों की मौत डूबने से हुई. पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. भगवान गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन की शुरूआत बृहस्पतिवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर हुई. 10 दिनों तक चलने वाले इस त्यौहार के समापन दिवस को अनंत चतुर्दशी के रूप में मनाया जाता है. एक अधिकारी ने बताया कि नासिक के पंचवटी में तीन लोगों की डूबने से मौत हो गई जबकि नासिक रोड इलाके में भी तीन लोगों ने अपनी जान गंवाई. उन्होंने बताया कि सतारा के उम्बराज, नांदेड़ के वजीराबाद और मुंबई के समीप रायगढ़ के करजात में डूबने से एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई. अधिकारी के मुताबिक, राज्य के कोंकण क्षेत्र के रत्नागिरी जिले में एक टेम्पो ने मूर्ति विसर्जन जुलूस



में शामिल लोगों को टक्कर मार दी, जिससे दो लोगों की मौत हो गई. उन्होंने बताया कि वाहन के ब्रेक फेल होने की वजह से यह हादसा हुआ. उन्होंने बताया कि दुर्घटना में 17 वर्षीय लड़की और टेम्पो चालक की मौत हो गई. मुंबई के पश्चिमी हिस्से के जुहू में बृहस्पतिवार को विसर्जन के बीच तट से 16 साल के किशोर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था लेकिन पास के नगर निकाय संचालित कूपर अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

# चालक पर हमला कर टैक्सी लेकर फरार होने वाले छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज




**ठाणे, महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस कैब चालक पर हमला करने, उससे लूटपाट करने और वाहन लेकर फरार हो जाने के आरोप में छह लोगों की तलाश कर रही है।**


ऐप आधारित टैक्सी सेवा से जुड़े कैब चालक अब्दुल सैयद रेन (38) ने शिकायत दर्ज कराई कि उसे बुधवार को बादलपुर से ठाणे जाने के लिए कैब बुकिंग का ऑर्डर मिला था, जिसके बाद कार में छह यात्री सवार हुए। उसने बताया कि जैसे ही वाहन उल्हास नदी के निकट एक सुनसान मार्ग पर पहुंचा, इन छह लोगों ने उस पर हमला कर दिया और वे उससे मोबाइल फोन एवं नकदी छीन कर और कार लेकर फरार हो गए। पुलिस ने कार सहित लूटपाट की कुल रकम 8.11लाख रुपये बताई है। अधिकारी ने बताया कि बादलपुर पश्चिम की पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धाराओं 395 (डकैती) और 397 (किसी की हत्या या गंभीर रूप से चोट पहुंचाने के प्रयास के साथ लूटपाट या डकैती) के तहत एक मामला दर्ज किया है लेकिन अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

# पूर्व पुलिसकर्मी सचिन वाजे को मिली जमानत

## जबरन वसूली से जुड़ा है मामला

**मुंबईः** मुंबई की एक विशेष सीबीआई अदालत ने एक होटल व्यवसायी की शिकायत पर दर्ज 2021 के जबरन वसूली मामले में पूर्व पुलिसकर्मी सचिन वाजे को शुक्रवार को जमानत दे दी। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट द्वारा जमानत से इनकार किए जाने के बाद वेज ने इस साल अगस्त में विशेष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। वेज, वर्तमान में एंटीलिया बम कांड और प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा जांच किए जा रहे अन्य मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं, उन्हें नवंबर 2021 में जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार किया गया था। वाजे की वकील आरती केलकर ने बताया कि विशेष न्यायाधीश एसयू हेक ने वाजे की जमानत याचिका मंजूर कर ली। विशेष अदालत के समक्ष दायर अपनी याचिका में, वेज ने तर्क दिया कि वह उन अपराधों का आरोपी है जिसके लिए अधिकतम सजा तीन साल जेल है। चूंकि उन्होंने विचाराधीन कैदी के रूप में आधी से अधिक सजा पूरी कर ली है, इसलिए याचिका में कहा गया है कि वह आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के प्रावधानों के तहत जमानत के हकदार हैं। सीबीआई ने याचिका





का विरोध किया और अदालत को बताया कि वेज के खिलाफ लगाए गए आरोपों में 10 साल तक की कैद की सजा हो सकती है। सीबीआई ने आगे कहा कि वेज नवंबर 2021 से (इस मामले में) न्यायिक हिरासत में है। इसलिए, यह स्पष्ट है कि आरोपी को अपराध के लिए प्रदान की गई कारावास की अधिकतम अवधि के आधे तक हिरासत में नहीं रखा गया है, सीबीआई ने प्रस्तुत किया।

गोरेगांव पुलिस ने अगस्त 2021 में होटल व्यवसायी और नागरिक ठेकेदार बिमल अग्रवाल की शिकायत के आधार पर वाजे, पूर्व मुंबई पुलिस आयुक्त परम बीर सिंह और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

अग्रवाल ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उनके स्वामित्व वाली दो बारों के खिलाफ मामला दर्ज करने की धमकी दी और 11.92 लाख रुपये वसूले। कथित तौर पर यह अपराध जनवरी 2020 और मार्च 2021 के बीच हुआ था। बाद में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मामला सीबीआई को स्थानांतरित कर दिया गया।




# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## मजबूत लीडरशिप का असर...

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के मद्देनजर इखढ की ओर से जारी 39 प्रत्याशियों की पहली सूची ने पार्टी के बाहर के लोगों का तो ध्यान खींचा ही, पार्टी के अंदर भी बहुतों को असहज कर दिया। इस सूची में उन लोगों के भी नाम हैं, जो मौजूदा केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य हैं या लंबे समय से राष्ट्रीय राजनीति में रच-बस गए हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और इखढ महासचिव कैलाश विजयवर्गीय जैसे नामों ने खास तौर पर चौंकाया। कैलाश विजयवर्गीय का तो एक विडियो भी वायरल हो गया है, जिसमें वह पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच यह कहते देखे गए कि टिकट पाकर उन्हें कोई खुशी नहीं हो रही और उनका चुनाव लड़ने का एक परसेंट भी मन नहीं है। जाहिर है, टिकट पार्टी नेतृत्व ने उनकी मर्जी पूछकर नहीं दिया है। उन्होंने पार्टी का निर्देश मानकर यह फैसला स्वीकार किया। इखढ नेतृत्व की यह विशेषता पिछले कुछ समय से बिलकुल स्पष्ट होकर उभरी है। यह संगठन के अंदर आत्मसंतुष्टि के भाव को जड़ जमाने का मौका नहीं देता। समय-समय पर सबको झकझोरता चलता है। हमारे सहयोगी अखबार ने बुधवार 28 सितंबर को प्रकाशित संपादकीय में इसी विषय को उठाते हुए यह रेखांकित किया है कि कैसे गुजरात विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी ने पूरी स्टेट कैबिनेट बदलकर पहली बार के विधायक भूपेंद्र पटेल को कमान सौंपी और चुनाव में असाधारण जीत दर्ज की।

हालांकि, कर्नाटक में पार्टी नेतृत्व की ऐसी ही रणनीति नाकाम साबित हुई, लेकिन फिर भी ताजा संकेत बताते हैं कि पार्टी तेलंगाना और राजस्थान जैसे राज्यों में भी इसी रणनीति पर अमल करने वाली है। राजस्थान के बारे में कहा जा रहा है कि वहां वसुंधरा राजे को परोक्ष रूप से दरकिनार करने की कोशिशें पार्टी की चुनावी संभावनाओं को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसमें दो राय नहीं कि राजनीति में कोई ऐसा रामबाण नहीं होता, जो हर मामले में और हर परिस्थिति में अचूक साबित हो। इस नीति के भी अपने अच्छे बुरे पहलू हैं, लेकिन फिर भी ध्यान देने वाली बात यह है कि आज की तारीख में इखढ में ही इस तरह के फैसले देखने को मिलते हैं। तात्कालिक तौर पर इन फैसलों से प्रभावित लोगों में असंतोष दिख सकता है, लेकिन यह असंतोष बगावत का रूप नहीं लेता। वजह यह है कि इखढ में केंद्रीय नेतृत्व मजबूत है। वहां नरेंद्र मोदी के रूप में एक ऐसा सर्वोच्च नेता मौजूद है जिसकी लोकप्रियता पूरे देश के हर क्षेत्र में है। पार्टी वोट के लिए भी मुख्य रूप से उसी चेहरे पर निर्भर है। ऐसे में विभिन्न राज्यों या क्षेत्रों के कुछ खास इलाकों में प्रभाव रखने वाले या पद की बदौलत प्रभाव हासिल कर लेने वाले नेता पार्टी नेतृत्व के फैसले को चुनौती देने की स्थिति में नहीं होते।


व्हाट्सएप पर दैनिक रोकठोक लेखनी समाचार पत्र चैनल को फॉलो करें
+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# भिवंडी में सड़कों पर गढ्ढों के कारण हिचकोले खाते किया गया बाप्पा की बिदाई

*** लाखों खर्च करने के बाद भी नही भरा गया सड़को का गढ्ढा * दुर्व्यवस्था को लेकर भक्तों में मनपा के खिलाफ नाराजगी**

**मुस्तकीम खान**

भिवंडी मनपा द्वारा लाखों खर्च करने के बाद भी बरसात के कारण सड़को पर बने गढ्ढों को ठीक से न भरे जाने के कारण विसर्जन करने के लिए ले जाते समय बप्पा को हिचकोले खाते जाना पड़ा इसके साथ ही कंक्रीट बारिश के बाद बहकर सड़को पर फैलने के कारण विसर्जन के लिए जाते हजारो भक्तो के पैर में जमकर कंक्रीट चुभा जिसे लेकर भक्तों में मनपा प्रशासन के प्रति घोर नाराजगी व्याप्त है। बारिश के कारण भिवंडी मनपा क्षेत्र की सभी सड़के गड्ढों में तब्दील हो गई थी जिसके कारण बाप्पा के विसर्जन में भक्तों को काफी कठिनाइयों का समना करना पड़ा सड़कों पर हुए गढ्ढों के कारण वाहनों पर बाप्पा को विसर्जन करने के लिए ले जाते समय बाप्पा को हिचकोले खाने पड़े इतना ही नहीं सड़को के गढ्ढों को भरने के नाम पर मनपा ने खढढो में बिना डामर कंक्रीट भर दिया था जो बारिश के कारण पूरी तरह



सड़को पर बिखर गया था जब भक्त बाप्पा का विसर्जन खाली पैर करने जा रहे थे तो सड़को पर बिखरे कंक्रीट भक्तों के पैरो में चुभ रहा था इस कारण भक्तों का सड़कों पर पैदल चलना दुश्वार हो गया था कंक्रीट लोगों के पैर में चुभ रहा था जिसके कारण गणेश भक्तों का पैर लहूलुहान हो जा रहा था जबकि कदम कदम पर सड़कों पर हुए गढ्ढों के कारण बाप्पा को लेकर चल रहे वाहन चालक इस दौरान काफी दिक्कत से गुजर रहे थे जिसे लेकर गणेश भक्तो में मनपा प्रशासन के प्रति घोर नाराजगी व्याप्त है हालांकि मनपा के प्रभारी शहर अभियंता सुनील घूगे ने बताया कि गणेशोत्सव के मद्देनजर मनपा ने सभी पांचो प्रभागों के अपने अपने इलाकों के सड़को के गढ्ढों को बुझाने व पेवर ब्लाक लगाने के लिए प्रत्येक प्रभाग समिति को 15,15 लाख रुपए दिए गए जिसके द्वारा सड़कों पर जगह जगह गढ्ढे भरे गए थे लेकिन बारिश में बिना डामर बनाए गए घटिया स्तर की सड़क एक सप्ताह में ही टूटकर बिखर गई इस कारण भक्तों को और परेशानी हुई मनपा सूत्रों के अनुसार भिवंडी के सभी 13 विसर्जन घाटो पर 10 वे दिन 3226 गणपति का विसर्जन किया गया। जिसमे 2855 घरेलू व 341 सार्वजनिक मूर्तियां शामिल थी जबकि 10 दिनो में कुल मिलाकर 12 हजार 425 गणेश मूर्तियों के अलावा 232 गौरी का विसर्जन किया गया।

अंतिम दिन विसर्जन सुबह 4 बजे तक चला इस दौरान पुलिस उपायुक्त नवनाथ ढवले द्वारा सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त भी किया गया था साथ ही मनपा द्वारा भक्तों के वाहनों के लिए पार्किंग स्थल, बड़ी गणेश प्रतिमाओं को उठाने के लिए क्रेन की व्यवस्था, जीवन रक्षक दस्ता, फायर ब्रिगेड, घाटों पर पर्याप्त विद्युत व्यवस्था, मेडिकल टीम और शौचालय की व्यवस्था की गई थी।

# भिवंडी में मस्जिद के ट्रस्टियों ने गणेश मंडलों का फूलों से किया स्वागत, मंडलों ने गुलाल की जगह बरसाए फूल

## भिवंडी की कौमी एकता देश में बेमिसाल है- पुलिस आयुक्त जयजीत सिंह।



**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** महाराष्ट्र में सबसे बड़ा त्यौहार गणेश उत्सव का त्यौहार भिवंडी शहर में अब कौमी एकता का त्योहार बन गया है। जिसे सभी धर्म जाति के लोग एक साथ मिलकर हर्षोल्लास आनंद और पूरे जोर से शांतिपूर्वक तरीके से मनाते हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भिवंडी के 100 वर्ष से अधिक पुरानी हिंदुस्तानी मस्जिद के सामने से गुजरने वाले सभी गणेश मंडल एक साथ मिलकर मस्जिद के सामने शाम की नमाज से पहले एकत्र होकर आए जिनका स्वागत करने के लिए स्वयं ठाणे जिला पुलिस आयुक्त जयजीत सिंह के अगुवाई में मस्जिद के ट्रस्टियों ने किया। जब गणेश मंडलों का जुलूस मस्जिद के समक्ष आया तब मस्जिद के प्रमुख ट्रस्टी मुस्ताक मोमिन के नेतृत्व में मस्जिद ट्रस्ट के लोगों ने मंडलों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया, वही सभी गणेश मंडलों के साथ आए पुरुष स्त्री भक्तों ने पुष्पों की वर्षा कर मस्जिद के समक्ष हष्टियों का और उनके स्वागत में खड़े मेहमानों का जोरदार तरीके से स्वागत किया। इस ऐतिहासिक प्रमुख अवसर पर ठाणे पुलिस आयुक्त जयजीत सिंह, अपर पुलिस आयुक्त डॉक्टर पंजाब राव उगले, भिवंडी पुलिस उपायुक्त नवनाथ ढवले, हिंदुस्तानी मस्जिद के प्रमुख ट्रस्टी मुस्ताक मोमिन और भिवंडी गणेश उत्सव महामंडल के अध्यक्ष मदन भोई, भगवान टावरे भिवंडी पुलिस पीस कमेटी के सदस्य शरद भसाले, सलाउद्दीन शेख, लतीफ बाबा, वसीम खान, एजाज खान मास्टर, सलीम वलिंजकर भोइवाड़ा पुलिस स्टेशन इंचार्ज बांगर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर ठाणे पुलिस आयुक्त जयजीत सिंह ने कहा कि भिवंडी शहर की कौमी एकता बेमिसाल है, जिसकी चर्चा देश के अन्य शहरों में भी की जाती है महाराष्ट्र में गणेश उत्सव अब धार्मिक नहीं एक सार्वजनिक परंपरा का त्योहार बन गया है उन्होंने अमन शांति के साथ त्योहार को मनाने के लिए भिवंडी वीडियो की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए सभी को धन्यवाद दिया और कहा कि इसी तरह आने वाले सभी हिंदू मुस्लिम त्योहार को सभी धर्म जाति के लोग मिलकर हर्षोल्लास और अमन शांति से आगे भी मनाएंगे, ऐसा मुझे भिवंडी वासियों पर पूरा विश्वास है।

# पत्नी के ताने से परेशान होकर प्रिंसिपल ने करवा दी सुपारी देकर हत्या




**नालासोपारा :** पुलिस को सूचना मिली कि ठाणे ग्रामीण के वसई तालुका के नालासोपारा पुलिस स्टेशन क्षेत्र के संतोष भुवन, गवराई पाड़ा स्थित जंगल में एक २५ से ३० वर्षीय महिला का कटा हुआ सिर पड़ा है। पुलिस की कड़ी छानबीन के बाद महिला की पहचान किरण अमरजीत सिंह के नाम से हुई। मामले की जांच ठाणे ग्रामीण अपराध शाखा और नालासोपारा पुलिस स्टेशन के अधिकारी अपने-अपने तरीके से करने लगे। पुलिस ने सबसे पहले धड़ की तलाश शुरू की और सिर का पंचनामा कर फॉरेंसिक लैब में भेज दिया। उक्त हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए ठाणे ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक अनिल कुंभारे द्वारा एक टीम गठित की गई। ठाणे ग्रामीण के अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक किशोर खैरनार व नालासोपारा वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मुकुंद महाजन के मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक संजय डौर, पुलिस हवलदार वेदपाठक, बांदल, मारुख, इंगले, पुलिस सिपाही मुकेश पवार, चालके, लिगम को काम पर लगाया गया। जांच के दौरान मुखबिर से पता चला कि महिला एक स्कूल के प्रिंसिपल की पत्नी है। इसी दौरान उक्त महिला का धड़ भी आगे जंगल से बरामद किया गया। पुलिस के मुखबिर तुरंत काम पर लग गए। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की उक्त टीम ने किरण की हत्या में शामिल होने के शक में पति अमरजीत ओम प्रकाश सिंह को क्षेत्र के नागिन दास पाड़ा से हिरासत में लिया। पुलिसिया पूछताछ में प्रिंसिपल टूट गया। इसके बाद उसकी निशानदेही पर अकबर अली और राजू सुधीप दास को पुलिस ने संतोष भुवन से गिरफ्तार किया। अपर पुलिस अधीक्षक संग्राम सिंह निशानदार के मुताबिक, उक्त महिला पति अमरजीत सिंह पर अनैतिक शक करती थी। शक की वजह से रोजाना दोनों के बीच झगड़ा होता था, जिसके चलते अमरजीत ने अपने पत्नी को जान से मारने के लिए अकबर और राजू को ५० हजार रुपए की सुपारी दे डाली।




# जुहू समुद्र तट पर सफाई करते नजर आए अभिनेता राजकुमार राव और मानुषी छिल्लर



**मुंबई:** बृहन्मुंबई नगर निगम आयुक्त इकबाल सिंह चहल, मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस और बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव और मानुषी छिल्लर ने मुंबई में जुहू समुद्र तट पर सफाई अभियान में भाग लिया. इस दौरान महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस ने कहा कि मुझे बहुत अच्छा लग रहा है कि आज क्लीनथॉन 2.0 की फिर से शुरूआत हुई है और इसमें लोग भी हिस्सा ले रहे हैं और सफाई कर रहे हैं. इसमें इटउ कमिश्नर, पुलिस कमिश्नर, नेता और कलाकारों ने हिस्सा लिया है. हमें ध्यान रखना है कि एक ही पृथ्वी है और अगली पीढ़ी के लिए एक सुंदर धरती देना हमारा ही दायित्व है. मुंबई के जुहू बीच पर आयोजित क्लीनथॉन 2.0 में अभिनेत्री मानुषी छिल्लर ने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक प्यारी पहल है, हम सभी बहुत खुशी के साथ इस शहर में त्योहार मनाते हैं इसलिए यहां आकर इसे साफ करना हमारी जिम्मेदारी है. मुझे बहुत खुशी है कि इतने सारे लोग आए, इससे पता चलता है वे साफ-सफाई में कितना विश्वास रखते हैं. मुंबई के जुहू बीच पर आयोजित क्लीनथॉन 2.0 में फिल्मी कलाकारों ने शिरकत की. अभिनेता राजकुमार राव ने कहा, ''बहुत मजा आ रहा है, मुझे उम्मीद है कि इसका अगला चरण जल्द ही आएगा.

# डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर विस्तार के लिए बेलापुर और पनवेल के बीच 38 घंटे की बंदी

**मुंबई:** डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर बुनियादी ढांचे के विस्तार और वृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण विकास में, मध्य रेलवे (सीआर) ने अप और डाउन दोनों लाइनों पर बेलापुर (छोड़कर) और पनवेल (सहित) के बीच 38 घंटे के ट्रैफिक ब्लॉक की घोषणा की है। ट्रैफि क ब्लॉक 30 सितंबर, 2023 को रात 11:00 बजे शुरू होने वाला है और 2 अक्टूबर, 2023 को दोपहर 1:00 बजे समाप्त होने की उम्मीद है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के लिए दो नई लाइनों को समायोजित करने के लिए पनवेल उपनगरीय यार्ड के रीमॉडलिंग की सुविधा के लिए यह व्यापक ट्रैफिक ब्लॉक आवश्यक है, एक ऊपर के लिए और एक नीचे की दिशा के लिए। इस अवधि के दौरान, हार्बर और ट्रांस-हार्बर दोनों लाइनों पर बेलापुर और पनवेल स्टेशनों के बीच उपनगरीय सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे तदनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाएं, क्योंकि इस खंड में नियमित ट्रेन सेवाओं में महत्वपूर्ण बदलाव होंगे। हार्बर लाइन हार्बर




लाइन पर, अप और डाउन उपनगरीय सेवाएं बेलापुर, नेरुल और वाशी स्टेशनों पर शॉर्ट-टर्मिनेट या शुरू की जाएंगी। ट्रांस-हार्बर लाइन पर, अप और डाउन उपनगरीय सेवाएं केवल ठाणे और नेरुल/वाशी स्टेशनों के बीच चलेंगी।

यात्रियों को स्पष्टता प्रदान करने के लिए, ट्रैफिक ब्लॉक शुरू होने से पहले छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से प्रस्थान करने वाली डाउन हार्बर लाइन पर आखिरी लोकल ट्रेन 30 सितंबर, 2023 को रात 9:02 बजे प्रस्थान करेगी और इसके पनवेल पहुंचने की उम्मीद है। रात 10:22 बजे. इसी तरह, ट्रैफिक ब्लॉक से पहले पनवेल से प्रस्थान करने वाली अप हार्बर लाइन पर आखिरी लोकल ट्रेन 30 सितंबर, 2023 को रात 10:35 बजे रवाना होगी और रात 11:54 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी।

ट्रांस-हार्बर लाइन ट्रांस-हार्बर लाइन पर, ट्रैफिक ब्लॉक से पहले ठाणे से पनवेल की ओर प्रस्थान करने वाली आखिरी लोकल ट्रेन 30 सितंबर, 2023 को रात 9:36 बजे ठाणे से रवाना होगी और रात 10:28 बजे पनवेल पहुंचने वाली है। अप ट्रांस-हार्बर लाइन पर यात्रियों के लिए, ट्रैफिक ब्लॉक से पहले पनवेल से निकलने वाली आखिरी लोकल ट्रेन 30 सितंबर, 2023 को रात 9:20 बजे रवाना होगी और रात 10:12 बजे ठाणे पहुंचेगी। ट्रैफिक ब्लॉक के समापन के बाद, सीएसएमटी से पनवेल के लिए पहली लोकल ट्रेन 2 अक्टूबर, 2023 को दोपहर 12:08 बजे रवाना होगी और दोपहर 1:29 बजे पनवेल पहुंचने की उम्मीद है।

इसी तरह, ट्रैफिक ब्लॉक के बाद पनवेल से सीएसएमटी की ओर प्रस्थान करने वाली पहली लोकल ट्रेन 2 अक्टूबर, 2023 को दोपहर 1:37 बजे पनवेल से रवाना होगी और 2:56 बजे सीएसएमटी पहुंचने वाली है। ठाणे से पनवेल ठाणे से पनवेल जाने वाले यात्रियों के लिए, ट्रैफिक ब्लॉक के बाद पहली लोकल ट्रेन 2 अक्टूबर, 2023 को दोपहर 1:24 बजे ठाणे से रवाना होगी और 2:16 बजे पनवेल पहुंचेगी। अंत में, ट्रैफिक ब्लॉक के बाद पनवेल से ठाणे की ओर पहली लोकल ट्रेन 2 अक्टूबर, 2023 को दोपहर 2:01 बजे पनवेल से रवाना होगी और 2:54 बजे ठाणे पहुंचने की उम्मीद है। मध्य रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस विकास की पुष्टि की है और यात्रियों से इन परिवर्तनों पर ध्यान देने और तदनुसार अपनी यात्रा योजनाओं को समायोजित करने का आग्रह किया है। ये बुनियादी ढांचा ब्लॉक यात्रियों के व्यापक हित में और क्षेत्र में रेल सेवाओं के निरंतर सुधार के लिए किए जा रहे हैं।

## कोपर खैराने पुलिस ने व्यवसायी से मारपीट के आरोप में डॉक्टर पर मामला दर्ज किया



**मुंबई :** कोपर खैराने पुलिस ने गुरुवार को डॉक्टर के अस्पताल में सीसीटीवी लगाने के लिए भुगतान मांगने के बाद एक व्यवसायी के साथ कथित तौर पर मारपीट करने के आरोप में एक डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि घटना बुधवार को हुई। 35 वर्षीय पीड़ित कोपर खैराने के निजी अस्पताल में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का भुगतान लेने गया था। हालाँकि, डॉक्टर इंस्टालेशन से संबंधित कुछ चीजों से खुश नहीं थे और उन्होंने काम के लिए भुगतान करने से इनकार कर दिया। बहस के बाद डॉक्टर ने उस व्यक्ति के साथ दुर्व्यवहार किया। पीड़िता की शिकायत के आधार पर, कोपर खैराने पुलिस ने डॉक्टर के खिलाफ धारा 506 (आपराधिक धमकी) और 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान) के तहत प्राथमिकी दर्ज की और जांच शुरू की।

# अभिनेता ने सेंसर बोर्ड पर लगाया घूस का आरोप, मचा बवाल

## निहलानी ने मांगा प्रसून जोशी का इस्तीफा...

**मुम्बई :** मुम्बई फिल्म 'मार्क एंटनी' एक्टर विशाल ने वीडियो के जरिए सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। विशाल ने दावा किया है कि सेंसर बोर्ड ने उनकी फिल्म की हिंदी रिलीज के सर्टिफिकेशन के लिए 6.5 लाख रुपये लिए हैं। उनका ये वीडियो तेजी से इंटरनेट पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले का संज्ञान लेने की रिक्वेस्ट भी कर रहे हैं। ये मामला विशाल की फिल्म 'मार्क एंटनी' से ही जुड़ा है। जो 15 सितंबर को रिलीज हुई थी। फिल्म का हिंदी वर्जन 28 सितंबर को रिलीज हुआ है। हिंदी वर्जन की रिलीज के सर्टिफिकेट के लिए उन्हें सीबीएफसी को 6.5 लाख की रिश्वत देनी पड़ी थी। इतना ही नहीं विशाल का कहना है कि उनके पास इस बात के सारे सबूत हैं। एक्टर के इस आरोप से इंडस्ट्री के लोग हैरान हैं।






बोर्ड में होना चाहिए फेरबदल? पहलाज निहलानी ने कहा कि हमारी सरकार को इस मामले में दखल देना चाहिए। उनका कहना है कि बड़े एक्टर होने के बाद जब विशाल के साथ ऐसा हो सकता है तो तो छोटे प्रोड्यूसर्स के साथ क्या होता होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की प्रतिक्रिया फिल्म रिलीज के साथ विजय ने एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर कर आरोप लगाया, जिसपर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की तरफ से प्रतिक्रिया दी गई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा, ''एक्टर विशाल द्वारा सीबीएफसी में भ्रष्टाचार का मामला सामने लाया गया है, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार इस तरह के भ्रष्टाचार को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगी और इसमें शामिल होने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। आज ही सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से एक अधिकारी को इस मामले पूछताछ के लिए मुंबई भेजा गया है।''

सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने जांच के आदेश दिए मंत्रालय ने आगे लिखा, ''हम सभी से प्रार्थना करते हैं कि मंत्रालय से सहयोग करें, अगर सीबीएफसी ने द्वारा किसी और का भी शोषण किया है,तोवोभीjsfilms.i»»fb@»»fic.i»»f इस पते पर बताए।'' मंत्रालय की यह कार्रवाई विशाल के वायरल वीडियो के बाद हुई है। विशाल ने कहा कि उन्होंने 'मार्क एंटनी' की हिंदी रिलीज के लिए ऑनलाइन सर्टिफिकेट के लिए अप्लाई किया था। विशाल ने कहा, ''हमने अंतिम समय में अप्लाई किया क्योंकि हमारे सामने कुछ टेक्नीकल इशु था। जब हमारी टीम का सदस्य सीबीएफसी कार्यालय गया तो हमें एक ऑप्शन दिया गया कि उसी दिन सर्टिफिकेशन के लिए 6.5 लाख रुपये देने होंगे। हमारे पास कोई और उपाय नहीं था।''

# नितिन गडकरी ने नए महाराष्ट्र-तेलंगाना राजमार्ग का उद्घाटन किया

**मुम्बई :** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र में 3,695 करोड़ रुपये की 3 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जिनमें से एक तेलंगाना के साथ राज्य की कनेक्टिविटी में सुधार करेगी। महाराष्ट्र के वाशिम में आयोजित समारोह में नितिन गडकरी ने कहा, ''महाराष्ट्र के अकोला से तेलंगाना के संगारेड्डी तक फोर-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग 161 दोनों राज्यों के बीच व्यापार संबंधों को मजबूत करेगा।'' कुल तीन पैकेजों में विभाजित, अकोला से मेदशी तक राजमार्ग पर 1,259 करोड़ रुपये की लागत वाले पहले पैकेज में 10 अंडरपास और 85 पुलिया हैं। मेदशी से वाशिम तक 1,394 करोड़ रुपये की लागत वाले दूसरे पैकेज में 13 बस शेल्टर, 6-लेन आरओबी और वाशिम शहर बाईपास शामिल हैं।

इसके अलावा, तीसरे पैकेज के तहत पांगरे से वारंगा फाटा तक और 1,042 करोड़ रुपये की लागत से कयाधु नदी पर मुख्य पुल कलामनुरी और अखाड़ा-बालापुर सिटी बाईपास शामिल है। गडकरी



ने कहा कि अकोला, वाशिम, नांदेड़ और हिंगोली जिलों के कई महत्वपूर्ण स्थान अब जुड़ जाएंगे। शेगावचे गजानन महाराज मंदिर, अकोला शाहनूर किला, अंतरिक्ष जैन मंदिर, आठवें ज्योतिर्लिंग औंढा-नागनाथ, संत नामदेव महाराज संस्थान, नरसी और नांदेड़ में तख्त सचखंड गुरुद्वारा जैसे धार्मिक और पर्यटन स्थलों तक पहुंचना आसान और सुलभ होगा। राजमार्ग तेलंगाना और महाराष्ट्र में व्यापार के अवसरों को सुविधाजनक बनाता है, जिससे उच्च आर्थिक विकास होगा और अधिक रोजगार पैदा होगा। मंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में विदर्भ और मराठवाड़ा को जोड़ने वाले वाशिम जिले में 227 किलोमीटर राजमार्ग नेटवर्क का निर्माण किया गया है।




# महाराष्ट्र में भक्तों ने गणपति बप्पा को दी विदाई...

**पुणे :** महाराष्ट्र में दस दिवसीय गणेशोत्सव गुरुवार को अनंत चतुर्दशी के शुभ दिन पर संपन्न हुआ। जिसमें भारी बारिश और कड़ी सुरक्षा के बीच भक्तों ने हाथी के सिर वाले भगवान ''गणपति बप्पा'' को विदाई देने के लिए विशाल विसर्जन जुलूस निकाला। मुंबई में पारंपरिक कोली नृत्य के बाद प्रसिद्ध लालबाग चा राजा का विसर्जन जुलूस शुरू हुआ। विसर्जन जुलूस लगभग 20 घंटे से अधिक समय तक चलने की संभावना है। विसर्जन जुलूस के शांतिपूर्ण संचालन के लिए मुंबई की सड़कों पर 19 हजार पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

महाराष्ट्र की सांस्कृतिक नगरी पुणे की गौरवशाली परंपरा विसर्जन जुलूस आज मंडी क्षेत्र में लोकमान्य तिलक प्रतिमा से आरती के बाद शुरू हुआ। पुणे के पांच ''सम्मानित'' मंडलों में से एक कस्बा गणपति जुलूस का नेतृत्व कर रहा है। महाराष्ट्र विधान परिषद की उपाध्यक्ष डॉ नीलम गोरे ने कस्बा गणपति की आरती की। इससे पहले, उन्होंने पुणे शहर के सभी प्रतिष्ठित गणपति पंडालों का दौरा किया।

एक और प्रसिद्ध दगडूशेठ हलवाई गणपति का जुलूस महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार द्वारा आरती के बाद 1600 बजे शुरू हुआ। इसका बड़ा आकर्षण राष्ट्रीय कला संग्रह द्वारा पुणे शहर में विसर्जन के मार्ग पर बनाई गई रंगीन रंगोली है। इस साल की रंगोली की थीम साइबर क्राइम पर है। मंडई चौक और लक्ष्मी रोड पर हजारों गणेश भक्त विसर्जन जुलूस देखने आए हैं। पुलिस ने कहा कि गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान शहर की 17 सड़कें आज से शुक्रवार को जुलूस समाप्त होने तक यातायात के लिए बंद हैं।



भारी बारिश के बीच गणेश विसर्जन जुलूस शांतिपूर्वक चल रहा है। पांच 'मनाचे' (पूज्य) गणपति में से, प्रसिद्ध दगडूशेठ हलवाई गणपति और अन्य लोग पहुंच रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए मुख्य घाट विसर्जन घाट (बिंदु), पर 2,000 से अधिक गणेश मंडलों की मूर्तियां विसर्जन के लिए कतार में हैं। दोपहर दो बजे शुरू हुई भारी बारिश ने मंडल के स्वयंसेवकों के उत्साह को कम किए बिना एक मिनट की भी राहत नहीं ली। इंडिया मेट्रोलॉजिकल डिपाटमेंट ने अगले 48 घंटों के लिए पुणे के लिए येलो अलर्ट की भविष्यवाणी की है।

विसर्जन जुलूस की निगरानी कर रहे संयुक्त पुलिस आयुक्त संदीप कार्णिक ने कहा कि इसके सामान्य समय पर समाप्त होने की संभावना है। महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले से एक रिपोट 'में कहा गया है कि कोल्हापुर शहर में मुख्य सड़क पर गणेश विसर्जन जुलूस का नेतृत्व कौन करेगा, इस पर तीखी बहस के बाद दो समूहों के बीच हाथापाई हुई। पथराव की घटना हुई, जिसमें दो दर्शकों समेत कुल तीन लोग घायल हो गये। सांगली जिले से एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलूस आज सुबह शुरू हुआ और शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा था।

## न्याय में देरी का स्पष्ट रूप से मतलब न्याय से वंचित करना है - आदित्य ठाकरे



**मुंबई :** शिवसेना से गद्दारी करनेवाले विधायकों की अपात्रता पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर द्वारा सुनवाई न करते हुए टालमटोल करने का आरोप युवासेनाप्रमुख व विधायक आदित्य ठाकरे ने लगाया है। राहुल नार्वेकर के घाना दौरे को लेकर तंज कसते हुए आदित्य ठाकरे ने हमला किया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने विधायकों की अपात्रता पर सुनवाई कर निर्णय लेने का आदेश विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर (ट्रिब्यूनल के रूप में कार्य करते हुए) को दिया है। ऐसे में गेंद नार्वेकर के पाले में है। लेकिन ऐसा लगता है कि अध्यक्ष देरी की रणनीति के तहत असंवैधानिक सरकार को बचाने के लिए अपने दायरे से परे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस देश में हम दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने का दावा करते हैं, वहां एक असंवैधानिक सरकार को इस तरह समर्थन देकर बचाने के प्रयास दुःखद हैं।

## नशे के खिलाफ मुंबई पुलिस की बड़ी कार्रवाई... !

### 75 लाख की ड्रग्स बरामद, 3 आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई में पिछले कुछ समय से नशे का कारोबार बढ़ता जा रहा है। पुलिस प्रशासन इसे लेकर बेहद ही परेशान है। वह वक्त-वक्त पर छापेमारी करके इस कारोबार में शामिल अपराधियों को पकड़ते भी हैं लेकिन पुलिस पूरी तरह से इस जाल को नहीं तोड़ पा रही है। इसी बीच मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक बड़ी कार्रवाई की है। मुंबई एंटी नारकोटिक्स सेल की वर्ली और कांदिवली यूनिट ने वडाला और गोरेगांव इलाके से 3 लोगों को गिरफ्तार किया है।

**उत्तराखंड से आये थे ड्रग्स की सप्लाई करने**

पुलिस ने 100 एमडीएमए टैबलेट भी बरामद की हैं, जोकि वडाला इलाके से एक 38 वर्षीय शख्स के पास से बरामद किया है। वहीं गोरेगांव इलाके से दो लोगों के पास से चरस ड्रग्स बरामद किया है।

### इस माह की शुरूआत में भी हुई थी बड़ी कार्रवाई

**वहीं इससे पहले सितंबर की शुरूआत में नवी मुंबई पुलिस ने ड्रग तस्करों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाकर लगभग 5 करोड़ कीमत की ड्रग्स को बरामद की थी। नवी मुंबई पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में वाशी, कोपरखैरणे, खारघर और तलोजा पुलिस स्टेशनों के 6 स्थानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान कुल 74 विदेशी नागरिकों से पूछताछ की गई। एनडीपीएस और ओसपोर्ट अधिनियम के तहत कुल 5 मामले दर्ज किए गए हैं, इन 5 मामले में 14 आरोपियों के खिलाफ 3 मामले एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किए गए।**

मुंबई क्राइम ब्रांच ने बरामद किए गए ड्रग्स की कीमत अंतराष्ट्रीय बजार में 75 लाख रुपए है। मुंबई पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक वडाला इलाके में अठउ की वर्ली यूनिट ने छापेमारी कर एक घर से MDMA टैबलेट बरामद किया। वहीं ANC की कांदिवली यूनिट ने गोरेगांव इलाके से दो आरोपी को जो उत्तराखंड राज्य से ड्रग्स की सप्लाई करने आए थे। उनके पास से 60 लाख का चरस ड्रग्स बरामद किया।

**छापेमारी में कोकेन समेत हाइड्रोक्लोराइड जब्त**

इस छापेमारी में नवी मुंबई पुलिस ने 898 ग्राम कोकीन, 267 ग्राम एमडी, 4,96,26,000 लाख रुपये की प्रतिबंधित ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड की 36,640 स्ट्रिप्स जब्त की है। साथ ही भारत में अवैध रूप से रहने वाले आरोपियों के खिलाफ पासपोर्ट अधिनियम के तहत भी 2 मामले दर्ज किए गए थे। इस दौरान जांच में 9 विदेशी नागरिकों के दस्तावेज गलत पाए गए। वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी भारत में रह रहे 31 लोगों को भारत छोड़ने का नोटिस जारी किया गया था। साथ ही डिजिटल फोरेंसिक जांच के लिए वाहन और मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक राजपत्र जब्त कर लिए गए।

## फ्लाइट में बम है...उड़ा दूंगा: अकासा एयरलाइंस के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग...

### मुंबई से 84 यात्रियों को लेकर काशी आ रहा था

**वाराणसी :** वाराणसी में शुक्रवार शाम को अकासा एयरलाइंस की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान में बम होने की सूचना मिली थी। इसके बाद यात्रियों को विमान से उतारकर करीब 1 घंटे तक तलाशी ली गई। मगर, कोई भी विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। सूचना फर्जी निकली। इस घटना के बाद सभी फ्लाइट की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**मुंबई से वाराणसी के लिए भरी थी उड़ान**

एयरपोर्ट निदेशक पुनीत गुप्ता ने बताया, ''29 सितंबर की दोपहर अकासा एयरलाइंस के विमान ने मुंबई से वाराणसी के लिए उड़ान भरी। करीब 4 बजे अकासा एयर की फ्लाइट (संख्या-दढ 1498) को एयर ट्रैफिक कंट्रोल से एक इमरजेंसी अलर्ट मिला। इसमें एक अज्ञात ट्वीट के जरिए विमान में बम रखने और बम से उड़ाने का मैसेज था। इसके बाद विमान के दोनों कैप्टन ने अळउ से बात की। इमरजेंसी प्रोसिजर को फॉलो करते हुए सेप्रेट रनवे पर विमान को सुरक्षित उतारा गया। विमान के लैंड होते ही यात्रियों को विमान से बाहर निकाला गया। इसके बाद सीआईएसएफ और



बम निरोधक दस्ता टीम विमान में दाखिल हुई। अंदर गहनता से तलाशी ली गई। करीब 1 घंटे तक चली तलाशी में विमान के अंदर से कोई भी विस्फोटक सामान नहीं मिला। जांच के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली। दो घंटे की देरी से अकासा एयरलाइंस का विमान 80 यात्रियों को लेकर मुंबई के लिए रवाना हुआ।

वाराणसी एयरपोर्ट निदेशक ने बताया गया कि ट्वीट के जरिए मुंबई से वाराणसी फ्लाइट संख्या दढ 149 को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। विमान में बम की सूचना तब मिली जब फ्लाइट वाराणसी एयरपोर्ट पर लैंड करने वाली थी। तलाशी अभियान में यह सूचना झूठी निकली। सभी 84 यात्री और चालक दल सुरक्षित हैं और उन्हें विमान से उतार दिया गया है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com